दिन— रविवार दिनांक— 01 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 5.00 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस का केंद्रीय बजट पेश किया।

02 आयकर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आयकर रिर्टन दाखिल करने की अवधि बढ़ाकर इकतीस मार्च की गई।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट को विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप बताते हुए कहा कि इससे देश का समग्र विकास हो सकेगा।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट से राज्य में व्यावसायिक गतिविधियां तेज होंगी। विपक्ष ने कहा — बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं।

—————————————————————————

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस का बजट संसद में पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड नौवां बजट है। बजट दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने और सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना के अनुरूप है। बजट में आयकर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संशोधित आयकर रिटर्न की समयसीमा बढ़ाकर इकतीस मार्च कर दी गयी है। वित्त मंत्री ने छह सेक्टर में नई पहल का प्रस्ताव किया। इनमें रणनीतिक क्षेत्रों में विनिर्माण तेज करना, औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम चौंपियन उद्यमों का निर्माण करना, बुनियादी ढांचे को सशक्त करना, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना तथा शहर आर्थिक क्षेत्र विकसित करना शामिल हैं। रेलवे की क्षमता को बढ़ाने के लिए दिल्ली, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, वाराणसी और सिलिगुड़ी में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गयी है। बजट में कैंसर से पीड़ित मरीजों को राहत देने के लिए सत्रह दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी पर छूट देने का प्रस्ताव किया गया है।

—————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस—सत्ताईस को ऐतिहासिक बताया है। श्री मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि यह बजट एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट

देश हित में है और इससे देश के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। श्री मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और यह बजट विकसित भारत के सपने को मजबूत आधार प्रदान करेगा।

———बाइट———

———————————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने केंद्रीय बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत भविष्य में तेजी से विकास कर सकेगा।

———बाइट———

———————————————————————————————

केंद्रीय बजट में बिहार के लिए भी कई घोषणाएं की गयी हैं। इसमें पटना में जहाज मरम्मत केंद्र, नये एक्सप्रेस–वे और गंगा जलमार्ग विकास प्रमुख हैं। इसके अलावा, वाराणसी–सिलिगुड़ी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बिहार से होकर गुजरेगा। इस कॉरिडोर से पटना, बक्सर, आरा, कटिहार और किशनगंज को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। वहीं, राज्य के पांच लाख से अधिक आबादी वाले आठ शहरो को विकास के लिए अतिरिक्त फंड की घोषणा बजट में की गयी है। इससे पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा, बेगूसराय, नालंदा, पूर्णिया और गयाजी का तेजी से विकास हो सकेगा। बजट में पटना को पूर्वी भारत के ट्रांसपोर्ट और औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट को सकारात्मक बताते हुए कहा है कि यह बजट विकसित भारत बनाने के लक्ष्यों को पूरा करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलमार्ग के विस्तार से बिहार के भी कई शहरों को फायदा मिलेगा और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि बजट में शहरों के विकास के लिए किये गए प्रावधानों से बिहार में शहरीकरण को नई गति मिलेगी।

———————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने बजट को ऐतिहासिक बताया है। श्री चौधरी ने कहा कि इस बजट से बिहार सहित पूरे देश में विकास परियोजनाओं को तेजी मिलेगी।

———बाइट———

वहीं, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करने वाला बजट है।

———बाइट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा है कि यह बजट किसानों, महिलाओं और गरीबों को समर्पित है।

———बाइट———

जदयू के सांसद संजय झा ने केंद्रीय बजट को दूरदर्शी बताया है। संसद के बाहर आकाशवाणी से बातचीत में श्री झा ने कहा कि इसमें गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के कल्याण के लिए प्रावधान किए गए हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बजट देश की प्रगति को और आगे बढ़ाएगा।

———बाइट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्यों को पूरा करेगा। इधर, कांग्रेस, राजद, समाजवादी पार्टी और लेफ्ट सहित अन्य विपक्षी दलों ने बजट की आलोचना की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं है।

———बाइट———

————————————————————————————————————

केंद्रीय बजट में बिहार को प्राथमिकता दी गयी है। इससे विभिन्न क्षेत्रों का विकास हो सकेगा। प्रदेश के आम लोगों ने बजट की सराहना की है।

———वॉक्सपॉप———

————————————————————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्ताईस फरवरी तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। वहीं, तीन फरवरी को वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे।

---

आज संत रविदास की जयंती है। संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन बनारस में हुआ था। वे चौदहवीं सदी के महान संत और कवयित्री मीराबाई के गुरु थे। उन्होंने जाति का भेदभाव मिटाकर लोगों को एकजुट करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उनकी जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन्, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का केंद्रीय बजट पेश किया।

02 आयकर में कोई बदलाव नही किया गया है। आयकर रिर्टन दाखिल करने की अवधि बढ़ाकर इकतीस मार्च की गई।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट को विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप बताते हुए कहा कि इससे देश का समग्र विकास हो सकेगा।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ राज्य की जनता ने भी बजट की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट से राज्य में व्यावसायिक गतिविधियां तेज होंगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।